केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/मीडिया व जन-संपर्क/कार्यशालाएं/काउंसलिंग/ दिनांक :23.05.2025

**परिपत्र**

**विद्यालय प्रमुखों एवं प्रधानाचार्यों हेतु 'पैरेंटिंग कैलेंडर' अभिविन्यास सत्र**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने *'पैरेंटिंग कैलेंडर'* की शुरुआत एक ऐसी संरचित पहल के रूप में की है, जिसका उद्देश्य अभिभावकों और विद्यालयों के बीच सहयोग को सशक्त करना और विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। दिनांक 28.03.2025 को 'पैरेंटिंग कैलेंडर' के शुभारंभ के पश्चात, सीबीएसई ने 13.05.2025 को एक आधिकारिक परिपत्र जारी किया, जिसमें विद्यालयों को प्रोत्साहित किया गया कि वे सुझाई गई गतिविधियों को अपनी वार्षिक शैक्षणिक योजनाओं में आमेलित करें तथा इनमें अभिभावकों को सार्थक रूप से शामिल करें। इस पहल को और समर्थन देने के लिए, सीबीएसई अभिविन्यास वेबिनारों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है, जिनका प्रयोजन प्रधानाचार्यों एवं विद्यालय प्रमुखों को ऐसी अंतर्दृष्टियों, रणनीतियों और सर्वोत्तम पद्धतियों की जानकारी देना है जिससे वे विद्यालयी परिवेश में 'पैरेंटिंग कैलेंडर' गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

| क्र. | तिथि और समय | लक्ष्य समूह | वेबिनार के विषय और वक्ता | वेबिनार लिंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मंगलवार, 27 मई 2025<br><br>प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक (भारतीय समय अनुसार) | विद्यालय प्रमुख / प्रधानाचार्य | **विषय: अभिभावक-विद्यालय सहयोग को सशक्त करना- वर्तमान पद्धतियाँ**<br>**विशेषज्ञ पैनल:**<br>• सुश्री अनुराधा जोशी, प्रधानाचार्य, सरदार पटेल विद्यालय, दिल्ली (प्रस्तावना)<br>• सुश्री रेखा कृष्णन, प्रधानाचार्य, वसंत वैली स्कूल, दिल्ली<br>• सुश्री मीनाक्षी कुशवाहा, प्रधानाचार्य, बिरला विद्या निकेतन, दिल्ली<br>**मुख्य विषय-वस्तु:**<br>• अभिभावक-विद्यालय मजबूत साझेदारी बनाने की महत्ता<br>• अभिभावकों के साथ सशक्त संवाद करने के प्रभावी उपाय<br>• बैठकों का इष्टतम उपयोग: अभिविन्यास, पीटीएम और काउंसलर सत्र<br>• सभी विद्यार्थियों के सहयोग के लिए समावेशी दृष्टिकोण | वेबेक्स लिंक:<br>https://cbse.webex.com/cbse/j.php?MTID=m977a9830076f3fb1b65559a2362f3a0f |
| 2 | मंगलवार, 03 जून 2025<br><br>प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक (भारतीय समय अनुसार) | विद्यालय प्रमुख / प्रधानाचार्य | **विषय:** एकीकृत कक्षा रणनीतियाँ : शिक्षक-नेतृत्व गतिविधियाँ<br>**विशेषज्ञ पैनल:**<br>• सुश्री अनुराधा जोशी, प्रधानाचार्य, सरदार पटेल विद्यालय, दिल्ली (प्रस्तावना)<br>• सुश्री ऋचा अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य, संस्कृति स्कूल, दिल्ली<br>• डॉ स्वाति पॉपट वत्स, अध्यक्ष, पोद्दार एजुकेशन नेटवर्क, मुंबई, महाराष्ट्र<br>**प्रमुख विषय-वस्तु:**<br>• समग्र विकास हेतु शिक्षक-नेतृत्व वाली गतिविधियों का उद्देश्य<br>• नियमित कक्षा शिक्षण में जीवन कौशल आधारित गतिविधियों का समावेश कैसे करें<br>• विभिन्न विद्यालय स्तरों के लिए उपयुक्त कक्षावार गतिविधियों की योजना<br>• कक्षा आधारित अधिगम अनुभवों में अभिभावकों को शामिल करना और जानकारी देना | वेबेक्स लिंक<br>https://cbse.webex.com/cbse/j.php?MTID=m0a9581948259e3d266ea9b7a267000c1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | बुधवार, 04 जून 2025<br><br>प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक<br><br>(भारतीय समय अनुसार) | विद्यालय प्रमुख / प्रधानाचार्य | **विषय:** अभिभावक सहभागिता को सुदृढ़ करना: अभिभावक कार्यशालाएं'<br>**विशेषज्ञ पैनल:**<br>• सुश्री अनुराधा जोशी, प्रधानाचार्य, सरदार पटेल विद्यालय, दिल्ली (प्रस्तावना)<br>• सुश्री मंजू आरिफ, प्रधानाचार्य, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बंगलोर उत्तर, कर्नाटक<br>• डॉ निवेदिता गांगुली, प्रधानाचार्य, डीएवी इंटरनेशनल स्कूल, अहमदाबाद, गुजरात<br>**प्रमुख विषय-वस्तु:**<br>• अभिभावक कार्यशालाओं की आवश्यकता और महत्व<br>• छात्रों की आयु-विशिष्ट शैक्षणिक, सामाजिक, भावनात्मक और डिजिटल चुनौतियों पर केंद्रित कार्यशालाओं का आयोजन<br>• घर पर बच्चों के सहयोग के लिए व्यावहारिक रणनीतियाँ<br>• नियमित और केंद्रित कार्यशालाओं द्वारा अभिभावक सहभागिता को दृढ़ करना | वेबेक्स लिंक:<br>https://cbse.webex.com/cbse/j.php?MTID=ma17d2540d31bd4b378b95a6ebe354f01 |
| 4 | गुरुवार, 05 जून 2025<br><br>प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक<br>(भारतीय समय अनुसार) | विद्यालय प्रमुख / प्रधानाचार्य | **विषय:** संबंध प्रगाढ़ता: अभिभावक और बच्चे के संबंध मजबूत करने वाली गतिविधियाँ<br>**विशेषज्ञ पैनल:**<br>• सुश्री अनुराधा जोशी, प्रधानाचार्य, सरदार पटेल विद्यालय, दिल्ली (प्रस्तावना)<br>• डॉ एनी कोशी, प्रधानाचार्य, सेंट मैरी स्कूल, दिल्ली<br>• डॉ दिगंता हालदार, प्रधानाचार्य, सरला बिरला ज्ञानज्योति, गुवाहाटी, असम<br>**प्रमुख विषय-वस्तु:**<br>• विद्यालयी नेतृत्व में अभिभावक-बच्चा स्नेह संबंध गतिविधियों के माध्यम से संबंध प्रगाढ़ करने का महत्व<br>• शैक्षणिक से इतर "कक्षा-अनुकूल संबंधन अनुभवों" का सृजन<br>• पारिवारिक सहभागिता को बढ़ाने और छात्र विकास हेतु सक्रिय अभिभावक सहभागात्मक गतिविधियाँ<br>• विद्यालय और अभिभावकों के संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए रचनात्मक, परस्पर और सहयोगात्मक आयोजन | वेबेक्स लिंक:<br>https://cbse.webex.com/cbse/j.php?MTID=m39c67ed06722fae9bfff86e7c94e579c |
| **टिप्पणी:** यदि वेबिनार लिंक खुल नहीं रहा है तो कृपया उसे कॉपी करके अपने ब्राउज़र के एड्रेस बार में पेस्ट करें। | | | | |

सभी संबंधित पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे वेबेक्स पर इन सत्रों में लाइव शामिल हों। सहभागिता अधिकतम 1000 प्रतिभागियों तक सीमित होगी, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। वेबिनार के अंत में फीडबैक फॉर्म का लिंक साझा किया जाएगा। उन विद्यालयों को सहभागिता प्रमाणपत्र दिया जाएगा जो लाइव सत्र के समापन के 24 घंटे के भीतर फीडबैक फॉर्म जमा करेंगे। आगे, विद्यालय कृपया 'पैरेंटिंग कैलेंडर 2025–2026' के अंतर्गत की गई गतिविधियों, प्रतिक्रियाओं एवं श्रेष्ठ पद्धतियों को लिंक https://forms.gle/xKmoRNJWAynnKKCu7 द्वारा साझा करें।

सादर,

हस्ता/-

**(हिमांशु गुप्ता)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि :निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहितः**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेशन निदेशक(स्कूल) , संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
11. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं. 101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएस ईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर- 3, रोहिणी, दिल्ली
14. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय का एकीकृत कार्यालय (सेना), एफडीआरसी भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के समीप), दिल्ली कैंट-110010
16. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, नयापल्ली, डाकघर - सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला – खोर्दा, ओडिशा-751005
17. अध्यक्ष, सीबीएसई के उस सचिव
18. सभी निदेशक /विभागाध्यक्ष , सीबीएसई
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक /क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे यह परिपत्र अपने अपने क्षेत्रों में बोर्ड से सम्बद्ध सभी विद्यालयों को भेजें
20. सभी संयुक्त सचिव /उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव , सीबीएसई
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
22. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई), सीबीएसई - इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

**सचिव**